**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–01 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रयागराज महाकुंभ दो हजार पच्चीस की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया प्रयागराज का दौरा। कहा– डबल इंजन की सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये युद्धस्तर पर कर रही है कार्य।
- महाकुम्भ में सस्ते दरों पर अखाड़ों और कल्पवासियों को राशन उपलब्ध कराएगी प्रदेश सरकार। पांच रुपए प्रति किलो की दर से आटा और छः रुपए प्रति किलो की दर से मिलेगा चावल।
- देश और प्रदेश में आज नव वर्ष का किया जा रहा स्वागत। देर रात से ही एक दूसरे को नये साल की बधाई देने का सिलसिला जारी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दी प्रदेशवासियों को नये वर्ष की बधाई।
- उत्तरी–पश्चिमी हवाओं और शीतलहर के कारण प्रदेश में बढ़ी ठंड। आम जन–जीवन हुआ प्रभावित।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल महाकुम्भ 2025 की तैयारियों के दृष्टिगत प्रयागराज का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान श्री योगी ने नैनी में निर्मित बायो सीएनजी प्लांट का अनावरण कियाा। इसके बाद संगम ऐरावत घाट, संगम नोज और गंगा सेतु के समानांतर बने स्टील ब्रिज का निरीक्षण करने के साथ ही सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने एक प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि महाकुंभ के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा सभी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

***144 वर्ष के बाद महाकुंभ का यह मुहूर्त आ रहा है और इस महा समागम का साक्षी देश और दुनिया बनना चाहता है। इसके लिये हर प्रकार की व्यवस्था डबल इंजन की सरकार ने मिल के केन्द्र और राज्य सरकार ने मिलके यहां पर प्रशासन और पुलिस ने मिलकर के मेला प्राधिकरण के साथ मिल करके इन सभी कार्यक्रमों को युद्धस्तर पर बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य स्नान पर्व के दिन कोई प्रोटोकॉल नहीं होगा और साधु संतों तथा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था होगी।

***स्नान के दिन कोई भी प्रोटोकाल नहीं होगा। पूज्य ससंतों के लिये, श्रद्धालुओं के लिये यहां पर स्नान की व्यवस्था के लिये सभी लोग लगेंगे। सभी स्नान पर संतों के स्वागत के लिये श्रद्धालुओं के अभिनन्दन के लिये सरकार के स्तर पर मेला प्राधिकरण के स्तर पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था रहेगी।***

**********

प्रदेश सरकार ने महाकुम्भ में अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। महाकुम्भ में अखाड़ों–कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा और 6 रुपए प्रति किलो की दर से चावल और 18 रुपए प्रति किलो की दर से चीनी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए मेला क्षेत्र में उचित मूल्य की 138 दुकानें खोली गई हैं, जहां पर कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफेद राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है। पेश है एक रिपोर्ट–

***मेला क्षेत्र में दी जा रही इस सुविधा के अंतर्गत हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। जनवरी से फरवरी अंत तक राशन की यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही वन नेशन वन कार्ड की सुविधा भी प्राप्त होगी। इन गोदामों पर 6000 मीट्रिक टन आटा और 4000 मीट्रिक टन चावल और 2000 मीट्रिक टन चीनी भी रहेगी। राशन देने के साथ ही भोजन पकाने के लिए भी सभी प्रकारकी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस काम के लिए सभी 25 सेक्टर्स में एजेंसियां निर्धारित की गई हैं। ये एजेंसियां कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को नया गैस कनेक्शन प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही उन्हें रिफिल करने का भी पूरा इंतजाम है। इसके अलावा जिन कल्पवासियों के पास अपना खुद का खाली गैस सिलेंडर है, उन्हें भी यहां पर रीफिल करा सकते हैं। तीन विशेष प्रकार के सिलेंडर भरने की व्यवस्था महाकुम्भ में की गई है। इनमें 5 किलो, 14.2 किलो और 19 किलो के सिलेंडर भरेजा सकेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

रेलवे की ओर से प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीन हजार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जाएगा। इनमें एक हजार आठ सौ छोटी दूरी और 700 लंबी दूरी के लिए रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। 560 रेलगाडियां प्रयागराज में बनाए गए रिंग रेल मार्ग पर चलेंगी। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा। रेल मंत्रालय ने बताया कि मेला क्षेत्र के अलावा प्रयागराज के नौ रेलवे स्टेशनों पर 560 स्थानों पर टिकट उपलब्ध कराये जायेंगे। महाकुंभ के लिए रेलवे ने 15 दिन पहले रेलवे टिकट जारी करने की सुविधा शुरू कर दी है।

पूर्वोत्तर रेलवे में आज से नई समय सारणी लागू हो जाएगी। जिससे गोरखपुर से चलने वाली हमसफर सहित 68 ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है। 5 जोड़ी ट्रेनों का नंबर भी बदल गया है जबकि एक जोड़ी ट्रेन का मार्ग विस्तार किया गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के चरगांवा स्थित नवीनीकृत राजकीय कृषि विद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन और छात्रावास का कल लोकापर्ण करेंगे। इस कृषि विद्यालय में कृषि से जुड़े मास्टर ट्रेनरों, कर्मचारियों और प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है। राजकीय कृषि विद्यालय के नए प्रशासनिक भवन के निर्माण पर नौ करोड़ अट्ठासी लाख रुपये तथा हॉस्टल के निर्माण पर नौ करोड़ आठ लाख रुपये की धनराशि खर्च हुई है। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना ने बताया कि राजकीय कृषि विद्यालय के बन जाने से अधिक संख्या में किसानों को खेती किसानी की नवीनतम जानकारियों के बारे में बताया जा सकेगा।

**********

देश और प्रदेश में आज नए वर्ष का स्वागत किया जा रहा है। वर्ष दो हजार चौबीस की विदाई और दो हजार पच्चीस का स्वागत करने के लिए कल रात बाजारों, रेस्त्रा, शॉपिंगमाल और विभिन्न मल्टीप्लेक्स में लोगों की भारी भीड उमड़ी। कई सार्वजनिक स्थलों पर भी रौशनी और गुब्बारे के साथ सजावट की गयी थी। कड़ाके की ठण्ड के बावजूद प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भारी संख्या में लोग शामिल हुए और रात के ठीक बारह बजते ही एक दूसरे को बधाई देने लगे। विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी भी की गयी। नववर्ष को लेकर अयोध्या में प्रभु श्रीराम, वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम, मथुरा में बांके बिहारी मंदिर और गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में भी सुबह से श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा है कि डबल इंजन सरकार उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2025 में राज्य को समृद्धि एवं विकास के रास्ते पर ले जाने के डबल इंजन सरकार के प्रयासों को और गति मिलेगी। नए वर्ष को लेकर प्रदेश में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किया हैं।

**********

नववर्ष की पूर्व संध्या पर मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कल अयोध्या में राम लला का दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि आने वाला वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो। भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए जो काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है, वह सफल हो। इसके लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

**********

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और निचले क्षोभ मंडल में स्थिरता के कारण ठण्डी उत्तरी–पश्चिमी हवाओ के चलने से प्रदेश के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि शीत दिवस जैसी स्थिति 48 घंटों तक बनी रहेगी।

***अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। 5 डिग्री, 6 डिग्री कहीं–कहीं पर अधिक गिरावट आई है। इस वजह से दिन में जो है कोल्ड डे जैसी सिचुऐशन शीत दिवस जैसी स्थिति बन गई है। वहीं पर अगर हम रात का तापमान हम देखे तो उसमें कोई विशेष गिरावट नहीं आई है और अभी भी सामान्य से ऊपर बने हुए है तो जहां पर रात का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो गया। वहां पर कोल्ड डे की सिचुऐशन टेक्निलकी है ये जो परिस्थितियां इसमें अगले 48 घंटों के दौरान एक जनवरी तक परिस्थितियां ऐसी ही रहेगी।***

प्रदेश में तेज ठंड के कारण इटावा, वाराणसी, बुलंदशहर सहित कई जिलों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यालय कल से 14 जनवरी तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। वहीं कई जिलों में प्रशासन द्वारा ठंड से बचाव के उपाय किये गये हैं। मऊ के जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने शीतलहर के मद्देनजर प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं।

**********

प्रदेश सरकार में मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कल देवरिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में मतस्य विभाग की ओर से संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। श्री निषाद ने कहा कि विभागीय लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष रूप से लाभार्थी को मिले, इसे लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**********